रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :

(क) वर्ष 1990-91 के लिए प्रति यात्री कि० मी० की दर्जा-वार लागत (नवीनतम उपलब्ध आंकड़े) नीचे दिए गये हैं:—

(आंकड़े रुपयों में)

मेल/एक्सप्रेस सेवाएं

दर्जा	ब० ला०	मी० ला०
1	2	3
वातानुकूलित पहला दर्जा	4.73	4.53
पहला दर्जा	3.64	4.58
वातानुकूलित शयनयान	4.38	9.29
वातानुकूलित कुर्सीयान	4.18	5.71

(ख) उत्पादन यूनिटों में चालू वर्ष में अप्रैल, 92 से अक्तूबर, 92 तक विभिन्न किस्म के अड़तीस (38) वातानुकूल सवारी डिब्बों का निर्माण किया गया है। चालू वर्ष में पहले दर्जे के सवारी डिब्बों के निर्माण की योजना नहीं है।

(ग) इन सभी सवारी डिब्बों का देश में ही उपयोग किया जा रहा है और ये सवारी डिब्बे निर्यात नहीं किए गए हैं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

उत्तर प्रदेश में रेलवे लाइन का बदला जाना

1516. **श्री राम नरेश यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आगामी वर्ष में उत्तर प्रदेश में कितनी छोटी लाइनों के बड़ी लाइनों में बदले जाने की संभावना है और इस योजना के अंतर्गत किन-किन क्षेत्रों को शामिल किया गया है;

(ख) उसी अवधि के दौरान कितनी नई रेलवे लाइनें बिछाये जाने को मंजूरी दी गयी है, तथा उसका क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) मऊ/शाहगंज की नई रेलवे लाइन पर कार्य कब से प्रारंभ हो जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :

(क) संभवतः इस प्रश्न का आशय मीटर लाइन से है।

1. अगले एक वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित मीटर लाइनों को बदले जाने की संभावना है :—

1. [illegible]
2. मनकापुर—कटरा
3. इलाहाबाद—वाराणसी,
4. लखनऊ—कानपुर, और
5. लालकुआ—काठगोदाम

(ख) अगले एक वर्ष के दौरान निम्नलिखित नई लाइनों को पूरा किये जाने की संभावना है :—

1. मथुरा—डीग और
2. रामपुर—हल्दवानी

(ग) आठवीं योजना के दौरान।

रेलवे की बेकार पड़ी भूमि पर वाणिज्यिक इमारतों का निर्माण।

1517. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) क्या यह सच है कि सरकार रेलवे की बेकार पड़ी भूमि पर वाणिज्यिक इमारतें बनाये जाने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) तीन सदस्यों वाली समिति ने इस कार्य हेतु जिन स्थानों का पता लगाया है, वे कौन-कौन से हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इन स्थानों पर वाणिज्यिक इमारतें बनाये जाने हेतु क्या प्रयास किये गये हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन)

(क) और (ख) : रेलवे भूमि के ऊपर के खाली स्थान के वाणिज्यिक दोहन का प्रस्ताव अवधारण के चरण में है। इसमें इमारतों के निर्माण की परिकल्पना की गई है जिनके

निचले तलों को रेलवे के कार्यों के लिए उपयोग में लाया जाएगा और ऊपरी तलों को धन जुटाने के लिए पट्टे या लाइसेंस पर दिया जाएगा ।

(ग) समिति ने एक अंतरिम रिपोर्ट के माध्यम से उपयोगिता की और जांच करने के लिए निम्नलिखित स्थलों की पहचान की थी :–

मध्य रेलवे

1. बम्बई वी० टी० स्टेशन के समीप
2. कारनैक बन्दर माल शेड के समीप
3. दादर स्टेशन के समीप
4. माटुंगा रोड तथा माहिम स्टेशन के बीच
5. कुर्ला स्टेशन के समीप
6. लाल बहादुर नगर के समीप

पूर्व रेलवे

1. हुवड़ा स्टेशन क्षेत्र
2. हुवड़ा में उपनगरीय टर्मिनल के समीप साल्ट गोलन
3. सियालदह साउथ स्टेशन
4. सियालदह स्टेशन मुख्य भवन
5. कार शेड हुवड़ा के समीप बेल्लिलियंस डम्पिंग ग्रांउड
6. चितपुर घाट, कलकत्ता
7. दीघा घाट, पटना

उत्तर रेलवे

1. जुही खुर्द, कानपुर
2. निरूला नगर, कानपुर
3. स्मृति वाटिका मोतीबाग, नई दिल्ली के समीप
4. चाणक्यपुरी रेलवे स्टेशन के समीप
5. होटल ताज पैलेस, दिल्ली के समीप
6. कुतुब रोड और मीटर लाइन शेड, लाहोरी गेट के बीच ।
7. आनन्द विहार, दिल्ली के समीप
8. रेल परिवहन संग्रहालय, चाणक्यपुरी के समीप
9. तिलक ब्रिज, नई दिल्ली के समीप
10. शकूरबस्ती स्टशन के समीप
11. शकूरबस्ती, दिल्ली स्थित मुद्रणालय के समीप
12. शकूरबस्ती यार्ड, दिल्ली के समीप
13. मंडल रेलवे अस्पताल, दिल्ली के सामने पीली कोठी के समीप
14. तुगलकाबाद, नई दिल्ली के निचले सड़क पुल, के समीप
15. दयाबस्ती रेलवे स्टेशन के समीप
16. बरार स्कवायर रेलवे स्टेशन के समीप
17. बादली स्टेशन यार्ड के समीप
18. पी० ए० पी० मदान, जालंधर के समीप
19. जम्मू तवी रेलवे स्टेशन के समीप
20. हरिद्वार के समीप
21. चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के समीप

पूर्वोत्तर रेलवे

1. बादशाहनगर स्टेशन, लखनऊ (वायुमंडल और भूमि) के समीप
2. गोमती नगर स्टेशन, लखनऊ (वायु-मंडल और भूमि) के समीप
3. लखनऊ सिटि स्टेशन (वायमंडल एवं भूमि) के समीप

दक्षिण रेलवे

1. माउंट रोड बुकिंग कार्यालय के समीप
2. विक्टोरिया क्रिसेंट के समीप
3. पी० ओ० ई० एस० गार्डन के समीप
4. मद्रास एगम्बुर स्टेशन के समीप
5. पीनामल्ली रोड के समीप
6. दक्षिण रेलवे मुख्यालय के समीप ।

दक्षिण मध्य रेलवे

1. आर० टी० सी० बस कम्प्लेक्स, सिकंदराबाद के समीप
2. रेल स्क्रैप डिपो के समीप

3. मेट्टुगुडा जं० के समीप
4. हैदराबाद स्टेशन के परिचलन क्षेत्र के सन्निकट
5. बेगमपेट स्टेशन के परिचलन क्षेत्र के सन्निकट

दक्षिण-पूर्व रेलवे

1. हुगली शालीमार के पश्चिमी तट के समीप (वायुमंडल और भूमि)
2. टाटानगर रेलवे स्टेशन के समीप
3. विशाखापतनम रेलवे स्टेशन के समीप
4. विजाग में राष्ट्रीय महामार्ग सं० 5 के सन्निकट
5. ईस्ट प्वाइंट रेलवे कालोनी में तट के समीप ।

पश्चिम रेलवे

1. चर्चगेट स्टेशन के समीप
2. दादर स्टेशन के समीप (वायुमंडल एवं भूमि)
3. दादर/बांद्रा स्टेशन के समीप (वायु-मंडल और भूमि)
4. बांद्रा/अंधेरी स्टेशन के समीप (वायु-मंडल)
5. अंधेरी/बोरिवली स्टेशन के समीप (वायुमंडल एवं भूमि)
6. पालघर स्टेशन के समीप
7. वापी स्टेशन के समीप
8. दहानु रोड स्टेशन के समीप
9. वलसाड स्टेशन के समीप
10. मिलाड स्टेशन के समीप
11. साबरमती स्टेशन के समीप
12. ईदगाह स्टेशन के समीप
13. रामगंज मण्डी स्टेशन के समीप
14. बांदीकुई स्टेशन के समीप
15. उदयपुर सिटी स्टेशन के समीप
16. गांधीधाम स्टेशन के समीप ।

(घ) भाग (क) और (ख) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

उत्तर प्रदेश के रेलवे स्टेशनों पर विश्राम गृह ।

1518. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के किन्हीं रेलवे स्टेशनों पर विश्राम गृह की सुविधाएं प्रदान की हैं ;

(ख) यदि हां तो इन स्टेशनों के नाम क्या हैं और ये स्टेशन किन-किन मण्डल क्षेत्रों के अन्तर्गत आते हैं ; और

(ग) उत्तर प्रदेश में किन-किन स्टेशनों पर विश्राम गृह नहीं हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभापटल पर रख दी जाएगी ।

त्रिपुरा में कुमार घाट से अगरतला तक रेलवे लाइन ।

1519. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या त्रिपुरा में कुमार घाट से अगरतला तक रेलवे लाइन ले जाये जाने की कोई योजना है ;

(ख) यदि हां तो क्या इस संबंध में कोई सर्वेक्षण किया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) (क) से (ग) रेलवे लाइन को कुमारघाट से अगरतला तक बढ़ाने के लिए एक सर्वेक्षण किया जा रहा है जिसके 1993-94 तक पूरा हो जाने की आशा है, परियोजना पर आगे विचार